हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 12 जुलाई 2026
बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 राष्ट्रीय सेवा योजना के 19 स्वयंसेवकों को गुणवत्ता...

12 8.04 लाख रुपए से फ़िल्टर प्लांट का होगा ..


CAN'T HIDE THAT'S PRIDE
शाश्वत उ.मा.वि.बलौदाबाजार
के.जी. 1 से 12 वीं (साईन्स,आर्ट्स,कामर्स,कृषि विज्ञान) अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
प्रवेश प्रारम्भ
निःशुल्क वाहन सुविधा-लोकल बलौदाबाजार,लटुवा,रिसदा,कुकुर्दी ,बम्हनमुड़ी
प्रवेश हेतु संपर्क करें- 9111002360,9111002362,6268089459
लुभी साहू कक्षा12 वीं 97% छ.ग.टॉप टेन में चौथा स्थान
चंचल 94% अनुष्का 93.4% अमिता 93.3% माधुरी 93% श्वेता 92.1% पूजा 91% मुस्कान 88.6% रीति 87.8% मंजीत 87.6% जागृति 87%
ओजस्वी 97.1% कामना 96.2% किरण 96.2% कुशाग्र 96.1% इंदु 94.9% डिंपल 94.7% निशा 88.6% आर्यन 93.7% श्रेयांश 93.6% डिगेश्वरी 93.6%

B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, डीजल मैकेनिक, फायर टेक्नालॉजी, स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923

# बच्चियों के खाने में मिली इल्लियां, शिकायत पर प्रशासन हरकत में

## कस्तूरबा आवासीय विद्यालय पहुंची जांच टीम, गुणवत्ताहीन भोजन पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल

विकासखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। विद्यालय में बच्चियों को दिए जाने वाले चावल में इल्लियां मिलने की शिकायत सामने आने से हड़कंप मच गया। यह मामला तब उजागर हुआ, जब छात्राओं ने खराब भोजन की जानकारी अपने पालकों को दी। इसके बाद नाराज पालकों ने प्रशासन से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला मिशन समन्वयक डीएमसी नरेंद्र वर्मा को जांच के लिए विद्यालय भेजा। जांच के दौरान डीएमसी ने छात्राओं से अलग-अलग बातचीत कर भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। शेष पेज 10 पर







### सफाई के लिए बोला गया

बच्चों ने बुधवार के खाना में बताया था तो मैं रसोईया को बोली थी कि सफाई कर चावल बनाया करो, वे लोग अब अपना सुधार कर रहे हैं।

- देव कुमारी नायक
अधीक्षिका कस्तूरबा आवासीय विद्यालय

### चावल में इल्लियां पायी गई

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में चावल में कीड़ा मिलने की शिकायत पर कलेक्टर के निर्देश पर जांच की गई। जांच के दौरान चावल में कीड़े पाए गए। अधीक्षिका और रसोइया को समझाइस दी गई है चावल को अच्छे से साफ कर भोजन बनाये।

- नरेन्द्र वर्मा,जिला मिशन समन्वयक

## खबर संक्षेप

### पलारी में कोटवार संघ की बैठक आज

**पलारी।** कसडोल, लवन तथा पलारी तहसील के अंतर्गत कोटवार संघ की आवश्यक बैठक 12 जुलाई को 10 बजे तहसील परिसर पलारी में आयोजित की गई है। कोटवार संघ तहसील पलारी के अध्यक्ष हेमलाल देवदास ने अपील की है कि सभी कोटवार भाई कार्यक्रम में उपस्थित हो, ताकि सभी के उपस्थिति में विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हो सके।

### बकाया राशि जमा करें सरपंच

**सिमगा।** बार -बार नोटिस के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं करने वाले पूर्व सरपंचों पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम सिमगा ने 5 पूर्व सरपंचों को 14.67 लाख शासकीय बकाया राशि की वसूली के लिए अंतिम चेतवनी नोटिस जारी किया है। एसडीएम सिमगा अतुल शेट्टे ने बताया कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत पूर्व सरपंच को पंचायत की राशि जमा नहीं करने के फलस्वरुप सम्पूर्ण राशि एकमुश्त जमा करने के लिए बार-बार नोटिस जारी किया गया, किन्तु बकायादार पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा राशि जमा नहीं करने के कारण राशि जमा करने का अंतिम अवसर 13 जुलाई तक दिया गया है।

### गली में घेरा लगाने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** गली में घेरा लगाने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। घटना ग्राम भंवरचुआं की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम छातापठार के जगदीश प्रसाद पिता हेतराम मैत्री (58 साल) 11 जुलाई को अपने मोटर सायकल से खेत जा रहा था। सुबह करीब 06.30 बजे भंवरचुआं के कृपाराम पटेल घर के सामने ओमनाथ पटेल गांव के गली में घेरा लगा रहा था, जब उसने घेरा लगाने के संबंध में पूछा तब ओमनाथ पटेल ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। इस दौरान उसके भाई कृपाराम पटेल ने भी गाली गलौज कर मारपीट की।

### स्कूटी चोरी

**महासमुंद।** नगर के एक निजी अस्पताल के सामने से स्कूटी चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को अयोध्या नगर निवासी कृष्णकुमार ने बताया कि वह 09 जुलाई को शाम 7 बजे अपनी टीवीएस आई क्यूब इलेक्ट्रानिक स्कूटी क्र सीजी 04 क्यूएन 6897 में अपनी पत्नी मोनिका के साथ अकाल पुरख अस्पताल महासमुंद गया था। चेकअप कराकर वापस आने पर स्कूटी नहीं थी।

## ठेकेदार की घोर लापरवाही आई सामने

# पानी टंकी निर्माण के दौरान 50 फीट से गिरा मजदूर, सिर फटने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लवन

बलौदा बाजार जिले के लवन ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम अहिल्दा में शनिवार को हुए दर्दनाक पानी टंकी हादसे में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। टंकी निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर काम कराए जाने के कारण 50 फीट की ऊंचाई से गिरकर एक श्रमिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजस्थान के बीकानेर निवासी के रूप में हुई है, जो यहा पानी टंकी निर्माण में मिस्त्री का काम करते था।

**खाना खाने उतरते समय हुआ हादसा:** प्रत्यक्षदर्शी श्रमिकों ने बताया कि शनिवार को सभी मजदूर टंकी की सीढ़ी बनाने के काम में जुटे हुए थे। दोपहर में जब खाना खाने के लिए छुट्टी हुई, तब 50 फीट ऊपर काम कर रहा राजस्थान का रहने वाला मिस्त्री भी नीचे उतरने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान ऊंचाई पर उसका पैर फिसल गया, उसने बचने के लिए अपने साथी का पैर पकड़ा उसके बावजूद अपने आप को संभाल नहीं सका और सीधे नीचे कंक्रीट की जमीन पर आ गिरा। जमीन पर गिरते ही उसका सिर बुरी तरह फट गया और मौके पर ही चीख-पुकार मच गई। वहां मौजूद साथी कर्मचारी आनन-फानन में उसे तत्काल जिला अस्पताल बलौदाबाजार लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



### जुगाड़ पर टिकी थी चैली

हादसे के बाद घटना स्थल पर मौजूद श्रमिकों ने निर्माण कार्य में हो रही ठेकेदार की लापरवाही को उजागर किया है।उन्होंने बताया कि इतनी ऊंचाई पर काम करने के लिए बनाई गई चैली को बांधने के लिए लकड़ियों के बजाय लोहे की रॉड का इस्तेमाल किया गया था। लोहे के पाइप के ऊपर सिर्फ लकड़ी की पट्टियां रख दी गई थीं, जो बेहद अस्थिर थीं। न तो मजदूरों को सेफ्टी बेल्ट दिया गया था और ना ही नीचे कोई सुरक्षा जाल लगाया गया था। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य का ठेका पश्चिम बंगाल के एक ठेकेदार के पास है, जो स्थानीय स्तर पर सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर काम करवा रहा था।

# खेत में बुजुर्ग किसान की हत्या खून से लथपथ मिला शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिरसानाला

- भटगांव पुलिस जांच में जुटी

भटगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जुनवानी में एक बुजुर्ग किसान की नृशंस हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। गांव के शांत माहौल के बीच हुई इस वारदात ने ग्रामीणों को स्तब्ध कर दिया है।

ग्राम जुनवानी निवासी तुलसी दास टंडन 70 वर्ष शुक्रवार 10 जुलाई की सुबह अपने दैनिक कार्य के अनुसार खेती किसानी के लिए खेत गया था। परिवार के लोगों को उम्मीद थी कि वे रोज की तरह शाम तक घर लौट आएंगे, लेकिन देर शाम तक उनके घर नहीं पहुंचने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई। तब परिजनों ने पहले आसपास के खेतों और परिचितों के यहां उनकी तलाश की। जब काफी देर तक उनका कोई पता नहीं चला तो गांव के लोगों को सूचना दी गई। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण टार्च और अन्य साधनों के साथ खेतों एवं आसपास के इलाकों में उनकी खोजबीन में जुट गए। रात लगभग 7 बजे खेत के समीप उनका शव खून से लथपथ अवस्था में शेष पेज 10 पर

# धनेली पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

भारतीय जनता पार्टी की विकासवादी नीतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन से प्रभावित होकर भाटापारा विधानसभा के ग्राम धनेली की सम्पूर्ण ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।



शनिवार को वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के मुख्यआतिथ्य में सभी नव-आगंतुक जनप्रतिनिधियों को विधिवत भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई और उन्हें संगठन से जुड़ने पर बधाई दीं।

इस अवसर पर ग्राम धनेली के सरपंच सरोज ध्रुव, उपसरपंच सरिता साहू सहित समस्त पंचगण चेलन साहू, मोहन ध्रुव, घनश्याम साहू, संतोष साहू, संतोषी साहू, आनकी ध्रुव, कृत्याकारी ध्रुव, संतोषी ध्रुव, दुरपति साहू ने एक साथ भाजपा की सदस्यता ली।

कार्यक्रम में शिवरतन शर्मा ने कहा कि आज धनेली ग्राम की सम्पूर्ण पंचायत के भाजपा में शामिल होने से यह स्पष्ट हो गया है कि आम जनता मोदी और विष्णु देव सरकार की योजनाओं से संतुष्ट है। गांव, गरीब और किसान के कल्याण के लिए भाजपा सरकार निरंतर कार्य कर रही है। धनेली पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों के संगठन में आने से भाटापारा विधानसभा और मजबूत होगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सहयोग से ग्राम धनेली विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

सदस्यता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# केबल चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे, अब तक 3 बड़ी चोरियों को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- अलग-अलग स्थानों पर सबमर्सिबल पंपों को बनाता था निशाना

जिला में संपत्ति संबंधी अपराधों और चोरियों पर अंकुश लगाने में थाना सिटी कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शहर के अलग-अलग वार्डों और ग्रामीण अंचलों में लगातार हो रही सबमर्सिबल पंप के केबल



वायर चोरी के मामलों की कड़ियां जोड़ते हुए पुलिस ने एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ्तार किया, जिसने अकेले ही एक के बाद एक तीन बड़ी चोरियों को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दी थी।

एक आरोपी और चोरी की तीन बड़ी वारदातें पहली वारदात प्रार्थी शेख सलमान पार्षद, वार्ड 17 बलौदाबाजार की रिपोर्ट के अनुसार 7 व 8 जून की रात सबमर्सिबल पंप से करीब 100 फीट केबल वायर काटकर चोरी कर लिया था।

2. दूसरी वारदात प्रार्थी सुभाष राव वार्ड 20 की रिपोर्ट के अनुसार परसामभदेर दामोदर बाड़ा के पास बोर में लगे शेष पेज 10 पर

## पंचायत में भ्रष्टाचार व वित्तीय अनियमितता का लगाया आरोप

# अविश्वास प्रस्ताव लाने पंचों ने कलेक्टर को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल

इन दिनों जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले बार पंचायत में सरपंच की मनमानी के खिलाफ पंचों ने मोर्चा खोल दिया है। इसकी शिकायत पंच व ग्रामीणों कलेक्टर से की और उच्चस्तरीय जांच की मांग की।



जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बार के पंचों और ग्रामीणों ने एकजुट होकर पंचायत में चल रही वित्तीय गड़बड़ियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इस संबंध में पंचों द्वारा बलौदाबाजार कलेक्टर को एक लिखित ज्ञापन 10 जुलाई को सौंपकर सरपंच खिलेश्वरी यादव के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने तथा आर्थिक अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की।

आवेदन में कहा गया है कि पंचायत में आवंटित सरकारी निधियों एवं 15 वें वित्त की राशि का उपयोग पंचों के विश्वास में लिए बिना किया जा रहा है। साथ ही पंचायत की मासिक बैठकें एवं ग्रामसभाएं नियमित रूप से आयोजित नहीं होने का आरोप भी लगाया गया है। पंचों का कहना है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता का अभाव है तथा पेयजल, नाली, स्ट्रीट लाइट, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों में पक्षपात एवं अनियमितताएं बरती जा रही हैं।

इसके अलावा ग्रामीणों व पंचों ने यह भी आरोप लगाया कि सरपंच द्वारा उनकी रचनात्मक सुझावों की लगातार अनदेखी की जाती है और पंचायत का संचालन तानाशाही रवैये से किया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर से विशेष बैठक बुलाकर सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया प्रारंभ कराने तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।





# विधानसभा की दो दर्जन स्कूलों का उन्नयन करना राज्य सरकार की औपचारिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

- विधानसभा के अधिकांश स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का आभाव



विधानसभा के दो दर्जन प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में अतिआवश्यक निर्माण मरम्मत के अंतर्गत फर्श मरम्मत, शौचालय मरम्मत, किचन शेड मरम्मत, फ्लोरिंग, छत मरम्मत, खिड़की-दरवाजें मरम्मत, पेयजल व्यवस्था की मरम्मत, जल भराव, विद्युतीकरण मरम्मत सहित विभिन्न कार्यों की स्वीकृति विधायक इन्द्र साव की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की गई है। जो की ऊंट के मुंह में जीरा के समान है, क्योंकि भाटापारा विधानसभा के सैकड़ों ऐसे स्कूल है, जहां विभिन्न समस्याएं व्याप्त है, बुनियादी सुविधाओं का आभाव है। मात्र दो दर्जन स्कूलों का उन्नयन कर मात्र औपचारिकता पूरी की जा रही है। भाटापारा ब्लॉक के ग्राम- मजगांव, चमारी, पेण्ड्री, बोरसी, गोढ़ी टी, निपनिया, गोढ़ी एस, राजाढ़ार, तरेंगा, मोपर, सिंगारपुर, मोपका, गुर्रा एवं सिमगा ब्लॉक के ग्राम- तोरा, धोबनी, ढेकुना, बम्हनीडीहर, मांढ़र ब, माचाभाट, रोहरा, ढेकुना, संजारी नवागांव, खैरघट, दामाखेड़ा, लांजा शामिल है। विधायक इन्द्र साव ने डी.एम.एफ की बैठक में भी, डीएमएफ की राशि का उपयोग शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं पर करने की मांग प्रमुखता से रखे थे। इन्द्र साव ने बताया कि विधानसभा, भाटापारा ब्लॉक के शेष पेज 10 पर

# खबर संक्षेप



## कांग्रेस ने फूंका पीएम और सीएम का पुतला

**रायपुर।** कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी को लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में शहर कांग्रेस के नेताओं ने ईडी कार्यालय के निकट स्थित राजीव गांधी चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पुतले का दहन किया। पुलिस प्रशासन तथा कांग्रेस में इस बीच काफी झूमझटकी हुई। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन , प्रमोद दुबे , विकास उपाध्याय , कुलदीप जुनेजा, कन्हैया अग्रवाल, देवेंद्र यादव, नंद कुमार पटेल, शिव सिंह ठाकुर, दिनेश सिंह, शिव श्याम शुक्ला, सचिन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता शामिल हुए।

## वरिष्ठ पत्रकार स्व. निगम की जयंती पर किया नमन



**रायपुर।** पत्रकारिता और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले स्व. कुलदीप निगम की 62वीं जयंती शुक्रवार को मनाई गई। इस अवसर पर माना स्थित कुलदीप निगम वृद्धाश्रम एवं मानसिक दिव्यांग बालगृह में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने स्व. निगम की प्रतिमा एवं छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके सेवा-संकल्प को नमन किया। जयंती अवसर पर वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों तथा मानसिक दिव्यांग बालक-बालिकाओं को फल एवं अन्य खाद्य सामग्री का वितरण भी किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी ने कहा कि स्व. निगम द्वारा बोया गया सेवा का बीज आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है और उनकी प्रेरणा आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करती रहेगी। इस अवसर पर कुलदीप निगम वृद्धाश्रम के अध्यक्ष राजेंद्र निगम, सचिव बिमल घोषाल, प्रीति निगम, पारूल चक्रवर्ती, लीला यादव, सत्यम निगम सहित वृद्धाश्रम एवं बालगृह के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टोंगोपानीकला में धूमधाम मनाया गया माता पहुंचनी का पर्व

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम टोंगोपानीकला के मां शीतला माता मंदिर में गुरुवार को शीतला जुड़वास उत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। परंपरा अनुसार बैगा पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माता की पूजा अर्चना की। इस दिन सुबह से ही शीतला माता मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान पुजारियों ने श्रद्धालुओं पर नीम के पत्ते से हल्दी युक्त जल से छिड़काव किया, जिसे स्थानीय भाषा में ठंडाई कह जाता है। मान्यता है कि इससे रोग दूर होते हैं और घर में सुख-शांति समृद्धि आती है। शीतला माता मंदिर समिति ने बताया कि हर साल आषाढ़ मास में माता पहुंचनी उत्सव बड़े धूमधाम किया जाता है।

# जिला स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

- विकासखंड स्तरीय चयन प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

विकासखंड स्तरीय फुटबॉल चयन प्रतियोगिता सेजेस ओड़ान के मैदान में विकासखंड खेल प्रभारी हेमलता कनौजे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। जिसमें सेजेस ओड़ान, चरोदा, भवानीपुर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग अंडर 14, 17 और 19 वर्ष की श्रेणी में आयोजित की गई, जिसका विधिवत शुभारंभ सेजेस ओड़ान के प्राचार्य संजय डड़सेना ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। आयोजन में दीपमाला साहू सेजेस पलारी, आशीष ठाकुर सेजेस छेरकापुर, प्रवीण चंद्राकर सेजेस ओड़ान, चंद्रदीप रात्रे भवानीपुर ने अहम भूमिका निभाई।चयनित खिलाड़ी बालिका अंडर 19 में कांति कवर, हेम शिखा वर्मा, तुलसी साहू, सीखा कवर, खुशी साहू,निशा साहू,रीमा ध्रुव, चंचल फेकर,ललिता साहू,माही मीरई,यामिनी साहू शामिल हैं।वही बालक अंडर 19 में राहुल साहू,धनंजय,अतुल, दुष्यंत साहू, भूपेंद्र सिन्हा,पोखनलाल, कुलेश यादव,योगेश धीवर, गजेंद्र साहू,तरुण साहू का चयन हुआ।

### अंडर-14 और अंडर-17 फुटबॉल टीम का चयन, 18 जुलाई को दिखाएंगे दमखम



#### जिला प्रतियोगिता में उतरेगी मैदान पर

बालक अंडर 17 में पूषण साहू, युगल किशोर साहू, विजय साहू, मिनेश वर्मा, भास्कर कनौजे, बंटी सेन, रुपेश साहू, दुलेश साहू, वरुण साहू, महेश कनौजे, प्रदीप साहू, हेमचंद वही बालक अंडर 14 उमंग कुमार कनौजे, सौरभ कुमार साहू, अनुराग घृतलहरे, विराट घृतलहरे, गिलेश्वर साहू, यश पैकरा, राज साहू, कोमल साहू, युवराज यादव,आयुष साहू,देवेंद्र यादव, दीक्षांत घृतलहरे,नंदलाल निषाद,वेदांत कवर,लोकेश साहू,मयंक फेकर,अंश साहू, कृष्ण सिन्हा,तरुण साहू को शामिल किया गया है। यह चयनित खिलाड़ी 18 जुलाई को कसडोल में आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल मैच में भाग लेकर अपने विकासखंड का प्रतिनिधित्व कर अपने खेल का जौहर दिखाएंगे।

### 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत जामुन, आम और नीम के पौधों का हुआ रोपण

# कलेक्टोरेट परिसर में जिलाधीश सहित अधिकारियों ने रोपे फलदार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर शुरू किए गए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक ओ पी शर्मा, वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया।

कलेक्टर श्री शर्मा ने स्वयं जामुन पौधे का रोपण किया और उसे पानी दिया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा यह अभियान सिर्फ पौधे लगाने का नहीं, बल्कि अपनी मां के प्रति सम्मान और धरती माता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का एक अनूठा जरिया है। कलेक्ट्रेट परिसर में लगाए गए इन पौधों की सुरक्षा और देखभाल की पूरी जिम्मेदारी भी हमारी है, ताकि ये आने वाले समय में वृक्ष बनकर परिसर को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बना सकें। इस अभियान के तहत अधिकारियों ने आम, जामुन, अमरूद, आंवला और नीम जैसे कई उपयोगी व फलदार पौधे लगाए।

कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, अभिषेक गुप्ता, निशा नेताम मड़ावी, सीमा ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

# केशला में 14 से 22 जुलाई तक श्रीमद्भागवत महापुराण

**खरोरा।** ग्राम केशला के वार्ड 7 स्थित प्रभात फेरी चौक में 14 से 22 जुलाई तक संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से प्रभु इच्छा तक रहेगा। कथा वाचन राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता एवं ज्योतिषाचार्य पं. लक्ष्मीकांत उपाध्याय रायपुर द्वारा किया जाएगा। नौ दिवसीय कथा के दौरान कलश यात्रा, वेदी पूजन, गोकरण कथा, ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र तथा परीक्षित मोक्ष सहित श्रीमद्भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का संगीतमय वर्णन किया जाएगा। समापन दिवस पर हवन, पिंडदान वार्षिक श्राद्ध, तुलसी वर्षा, गीता पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा। आयोजन समिति के अनुसार कथा में परीक्षित राजा के रूप में खुशबू देवांगन विराजमान रहेंगी। यह धार्मिक आयोजन स्वर्गीय भारती देवांगन की पुण्य स्मृति एवं वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। आयोजनकर्ता भरत लाल देवांगन अध्यक्ष, खरोरा राज देवांगन समाज एवं गणेशीय बाई देवांगन ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर



कथा श्रवण एवं धर्म लाभ लेने की अपील की है। आयोजन में विष्णु प्रसाद–छाया देवांगन, डंडीराम–लता देवांगन, नंदकुमार–मधु देवांगन, राजेश–गीतांजलि देवांगन, अशोक–मनीषा देवांगन तथा नरेश–सोनल देवांगन का विशेष सहयोग रहेगा। दर्शनाभिलाषियों में शांति–परस देवांगन, गीता–भरत देवांगन, कुंती–हीरालाल देवांगन, ज्योति–हीरालाल देवांगन तथा बिसौहाराम–जानो बाई देवांगन शामिल हैं। प्रतिक्षारत परिवारजनों में संदीप, अनिल, चंचल, श्रेया, निशिता, देव, हर्षित, नेहाल, शिवांग, प्रिंस, प्रयाग, मिष्ठी, विहान, जियांश, माही एवं समस्त देवांगन परिवार शामिल हैं।

# नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान ने लोहिया नगर में लगाए 13 सीसीटीवी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड 17 के पार्षद शेख सलमान ने चुनाव के दौरान किए गए वादे को पूरा करते हुए लोहिया नगर में 13 आधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए हैं। इन कैमरों की निगरानी पुलिस विभाग के माध्यम से की जाएगी, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के साथ अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण में सहायता मिलेगी।





शेख सलमान ने बताया कि चुनाव के दौरान उन्होंने वार्ड को सुरक्षित और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने का संकल्प लिया था। उसी के तहत लगभग एक वर्ष के भीतर अपने निजी व्यय से कैमरे स्थापित कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में जनता से किया गया प्रत्येक वादा उनके लिए संकल्प है और उसे पूरा करना उनकी प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि इससे पहले उनके प्रयासों से रजा नगर में आठ सीसीटीवी कैमरे संचालित हो रहे हैं। लोहिया नगर में 13 नए कैमरे लगने के बाद वार्ड क्रमांक 17 में कुल 21 सीसीटीवी कैमरे सक्रिय हो गए हैं। उनका उद्देश्य केवल कैमरे लगाना नहीं, बल्कि पूरे वार्ड को चरणबद्ध तरीके से तकनीकी रूप से सुरक्षित बनाना है।

शेख सलमान ने वार्डवासियों से सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा करने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता और आधुनिक तकनीक के समन्वय से ही सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के 19 स्वयंसेवकों को गुणवत्ता का प्रमाण पत्र मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



जिला मुख्यालय के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसीर स्कूल में सुबह 11 बजे प्राचार्य एस पी भारती के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार जांगड़े ने कार्यक्रम में 19 विद्यार्थियों को उनकी गुणवत्ता की A प्रमाण पत्र दिए। प्राचार्य एस पी भारती ने कहा हमारे कोसीर स्कूल राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शहीद नंद कुमार पटेल विश्व विद्यालय रायगढ़ से संबंधता रखता है और जिले में सबसे ऊपर ग्राफ में नाम हैं। साहित्यकार लक्ष्मीनारायण लहरे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सेवकों को पढ़ाई लिखाई के लिए मेहनत और विश्वास से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किए। वरिष्ठ व्याख्याता विजय महिलाने ने शिक्षा का उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा शिक्षा का उद्देश्य है सर्वांगीण विकास है यह प्रमाण पत्र आप लोगों की गुणवत्ता को दर्शाती है।

11 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों को जो विगत वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के थीम के अंतर्गत साफ- सफाई, वृक्षारोपण, नशा मुक्ति कार्यक्रम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम, शिक्षा का महत्व जैसे विषयों में 240 घंटे नियमित कार्य के आधार पर A प्रमाण पत्र दिया जाता है जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम होते हैं । यह प्रमाण पत्र उनकी परीक्षा के बाद दिया जाता है । यह प्रमाण पत्र प्रमुख रूप से नरेंद्र कुमार साहू, खुशबू भारद्वाज, प्रीति बंजारे, निशा भारद्वाज, चांदनी भारद्वाज, रीना सिदार सहित 19 विद्यार्थियों को दिया गया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था के प्राचार्य एस पी भारती, साहित्यकार लक्ष्मीनारायण लहरे, व्याख्याता विजय महिलाने, नवधा राम कोशले, कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार जांगड़े, गंगाधर बैरागी, अरुण रात्रे, एस के पटेल, उत्तम कुर्रे, बसंती भगत, प्रियंका तिग्गा उपस्थित रहे ।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा पंजीयन 31 जुलाई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत मौसम खरीफ 2026 में ऋणी एवं अऋणी कृषकों का फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। किसान 31 जूलाई तक बैंक, सहकारी समिति, लोक सेवा केन्द्र, कृषि विभाग के माध्यम से अपने अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं।

विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं जैसे - बाधित रोपाई, रोपण जोखिम- अधिसूचित क्षेत्र में कम वर्षा अथवा प्रतिकूल मौसमी दशाओं के कारण अधिसूचित मुख्य फसल की बोआई, रोपण, अंकुरण नहीं हो पाने वाली नुकसान से सुरक्षा प्रदान करेगा, साथ ही ओलावृष्टि, जलभराव, बादल का फटना, प्राकृतिक आकाशीय बिजली, चक्रवाती वर्षा एवं बेमौसम होने वाली बरसात से फसल बीमा सुरक्षा प्रदान करता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जिले के ऋणी एवं अऋणी कृषक बीमा का लाभ लेने हेतु जिला के सहकारी बैंकों में तथा सेवा सेतु केन्द्रों के माध्यम से आवेदन कर फसल बीमा करा सकते है।

उप संचालक कृषि जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष खरीफ सीजन के धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, कोदो-कुटकी, रागी, अरहर, मूंगफली,उड़द एवं मूंग फसल शामिल है, जिसके लिये खरीफ फसल हेतु कुल बीमित राशि ऋणमान के आधार पर 2 प्रतिशत ही प्रीमियम राशि किसानों द्वारा देना होगा। इस वर्ष भी बजाज जनरल इन्सुरेंस कंपनी लिमिटेड अधिकृत बीमा कंपनी होगी। उप संचालक कृषि द्वारा जिले के सभी किसानों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक किसान अपने फसलों का फसल बीमा अनिवार्य रूप से करावे, ताकि प्राकृतिक जोखिमों से होने वाली आर्थिक नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने सभी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों एवं मैदानी अमलों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए सभी ऋणी एवं अऋणी किसानों को बीमा आवरण में लाने हेतु निर्देशित किया है।

## मितानिन कल्याण कोष से हजार मितानिन परिवारों को राहत

**रायपुर।** मितानिन कयाण कोष छत्तीसगढ़ शासन की एक महत्वाकांक्षी एवं सामाजिक सुरक्षा योजना है, जो देश में एक अनोखी पहल है। राज्य शासन द्वारा समाज के प्रति प्रारंभ से ही मितानिन की निस्वार्थ एवं स्वैच्छिक सेवाओं को सम्मान देने के उद्देश्य से संचालित एक विशिष्ट कल्याणकारी योजना है। इसके अंतर्गत लगभग 2300 दावा प्रकरण लंबित थे, जिसके कारण मितानिनों को विकट आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिसका संज्ञान लेते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विशेष मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के कुशल नेतृत्व एवं सतत प्रयास से राज्य स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन के - सोसायटी फॉर एक्शन इन कम्युनिटी हेल्थ द्वारा निराकरण करते हुए संबंधित मितानिनों के बैंक खातों में कुल 659.42 लाख रुपए (6.59 करोड़ रुपए) की सहायता राशि सफलतापूर्वक हस्तांतरित की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वस्त किया है कि आगामी वित्तीय वर्ष के दावा प्रकरण का शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

# पेज 9 के शेष

## बच्चियों के खाने...

छात्राओं ने बताया कि उन्हें कई दिनों से खराब और गुणवत्ताहीन भोजन परोसा जा रहा है तथा चावल में इल्लियां निकल रही हैं। प्रारंभिक जांच में छात्राओं की शिकायत सही पाई गई है। इससे विद्यालय में भोजन व्यवस्था और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं। सरकारी आवासीय विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के दावों के बीच यह मामला प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोलता नजर आ रहा है। इधर, पालकों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि छात्राओं की सेहत के साथ किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं जिला प्रशासन ने जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि मामले में जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित एजेंसी पर क्या कार्रवाई की जाती है।

## खेत में बुजुर्ग...

मिला। शव की स्थिति देखकर मौके पर मौजूद लोगों के होश उड़ गए और पूरे गांव में शोक तथा दहशत का माहौल फैल गया।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक के शरीर पर किसी भारी और धारदार कृषि औजार से कई गंभीर वार किए गए थे। शरीर पर अनेक गहरे घाव पाए गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए इसकी सूचना तत्काल भटगांव थाना पुलिस को दी गई, जहां सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल को अपने कब्जे में लेकर आसपास के क्षेत्र की घेराबंदी की। वहीं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजय ठाकुर ने स्वयं घटना स्थल का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। और साक्ष्यो के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए घटना स्थल को पूरी रात सुरक्षित रखा गया। ताकि किसी भी महत्वपूर्ण साक्षरता से छेड़छाड़ न हो। जहां शनिवार सुबह डांग स्क्वाड, फोरेंसिक विशेषज्ञों तथा अन्य पुलिस अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। और घटना स्थल का बारीकी से निर्मित किया गया और वैज्ञानिक तरिके से विभिन्न साक्ष्य एकत्र किए गए। साथ ही पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में इस प्रकार की दूसरी घटना ने सभी को भय और असुरक्षा की भावना से भर दिया है।

अधिकारियों का कहना है कि उपलब्ध भौतिक साक्ष्यो फोरेंसिक जांच तकनीकी विश्लेषण तथा स्थानीय स्तर पर जुटाई जा रही जानकारियों के आधार पर मामले की हर दिशा में पड़ताल की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जांच को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है और जैसे जैसे तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## केबल चोर चढ़ा...

सबमर्सिबल पंप से करीब 200 फीट केबल वायर काटकर चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी। तीसरी वारदात प्रार्थी ग्राम सरपंच करमदा ने ग्राम करमदा के महामाया चौक, बांधा पैर और जीवन ध्रुव के पॉन ठेला आदि व्यावसायिक परिसरों में लगे सबमर्सिबल पंपों से करीब 70 फीट केबल वायर काटकर चोरी की रपोर्ट दर्ज करायी।

थाना सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति कबाड़ी दुकान के पास चोरी का केबल तांबा वायर बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहा है। पुलिस टीम ने संदेही हेमु कुमार सेन को हिरासत में लिया। पूछताछ उसने शहर व ग्राम करमदा के सबमर्सिबल पंपों से केबल वायर चोरी करने के तीनों अपराधों को अकेले ही अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज अपराध में उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा।

## विधानसभा की दो ...

बीस हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में सायकल स्टैण्ड की आवश्यकता है। इक्कीस प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शौचालय की आवश्यकता है। सिमगा ब्लॉक के लगभग बत्तीस ऐसे शौचालय है जो डिस्मेंटल कर पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। नौ, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में सायकल स्टैण्ड की आवश्कता है। लगभग उन्नीस स्कूलों में पहुंच मार्ग नहीं है। लगभग सताईस विद्यालयों में अहाता निर्माण की आवश्यकता है। विधानसभा के लगभग एक सौ पचहत्तर विद्यालय जहां अतिरिक्त कक्ष एवं जीर्णोद्धार की आवश्यकता है।

# स्पॉ सेंटर में पुलिस की दबिश, 10 की जांच गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



स्पा सेंटर की आड़ में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट के पश्चिम जोन में पुलिस ने सरप्राइज जांच की। यह अभियान डीसीपी संदीप पटेल के निर्देश पर और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राहुल देव शर्मा के नेतृत्व में चलाया गया। पुलिस ने 10 स्पा सेंटर पहुंच कर जांच की। साथ ही दस्तावेजों की पड़ताल की। स्पा सेंटर में सीसीटीवी व्यवस्था और वहां काम करने वाले कर्मचारियों की जानकारी ली गई।

स्पा सेंटर संचालकों को पुलिस ने नियमों का उल्लंघन या किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। स्पा सेंटर की जांच में पश्चिम क्षेत्र के एसीपी के साथ सरस्वती नगर, आजाद चौक और डीडी नगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही। सरस्वती नगर, आजाद चौक और डीडी नगर थाना क्षेत्र में चल रहे स्पा सेंटरों की जांच की गई। इस दौरान कर्मचारियों के पहचान पत्र, स्पा में आने वालों का रिकॉर्ड, जरूरी दस्तावेज, लाइसेंस और सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की स्थिति भी देखी और यह भी पता लगाया कि स्पा सेंटर नियमों के अनुसार चल रहे हैं या नहीं। जांच के दौरान पुलिस ने स्पा संचालकों को सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने, जरूरी दस्तावेज अपडेट रखने और सीसीटीवी कैमरे हमेशा चालू रखने के निर्देश दिए। सभी स्पा सेंटर के संचालकों को सरकार के तय नियमों और दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने निर्देश दिए गए। अफसरों के अनुसार शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और स्पा सेंटरों की आड़ में होने वाली किसी भी संदिग्ध या अवैध गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ऐसे विशेष जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### दुकान लगाने के नाम पर दो पक्षों के बीच विवाद, मारपीट

**महासमुंद**। एफसीआई के सामने दुकान लगाने की बात पर दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि एफसीआई के सामने चाय दुकान प्रार्थी चंचल सोनवानी, पुष्पा सोनवानी और उसकी मां उर्मिला सोनवानी चाय दुकान लगाते हैं। 10 जुलाई को उनकी जगह पर महेश जगत दुकान लगा रहा था, जब, उसे दुकान लगाने से उन्होंने मना किया तब महेश और उसके परिवार के लोग मिलकर प्रार्थी, उसकी बहन और मां के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। इधर दूसरे पक्ष की पूनम जगत ने बताया कि 10 जुलाई को दोपहर करीब 3 बजे वह अपनी बहन जसवंती जगत के साथ एफसीआई के सामने खाली जगह में मोमोस का दुकान लगा रहे थे, उसी समय पुष्पा सोनवानी एवं उसकी मां वहां पर आ गये और कहने कि यहां पर हम लोग दुकान लगाते हैं कहकर गाली गलौच करने लगे, जब गाली गलौज करने से मना किया तो हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे, इस दौरान बीच बचाव करने आए भाई प्रियांशु जगत के साथ भी मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय समिति में राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत मनोनीत सदस्य



**महासमुंद**। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा (गोल्डी) को राष्ट्रीय वयस्क स्काउटिंग एवं गाइडिंग समिति में विशेष सदस्य के रूप मनोनित किया गया है। छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय समिति के लिए मनोनीत किए जाने पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है। सभी पदाधिकारियों ने कहा कि इंद्रजीत सिंह खालसा का राष्ट्रीय समिति में मनोनयन होना उनके दूरदर्शी नेतृत्व, उत्कृष्ट संगठनात्मक क्षमता तथा स्काउट-गाइड आंदोलन के प्रति लंबे समय से दिए जा रहे समर्पित योगदान के लिए एक सम्मान है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव एवं मार्गदर्शन से न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश में स्काउट-गाइड आंदोलन को नई दिशा, ऊर्जा एवं सशक्त नेतृत्व प्राप्त होगा। पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि इंद्रजीत सिंह खालसा (गोल्डी) के नेतृत्व में अपने उद्देश्यों को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक रूप से आगे बढ़ाएगा।

# महतारी वंदना योजना से महिलाओं के जीवन में आई खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी महतारी वंदना योजना प्रदेश की लाखों महिलाओं के जीवन में खुशहाली और स्वावलंबन का नया सवेरा लेकर आई है। जिले के ग्राम गुड़ेलिया की रहने वाली ऊषा यादव पति पप्पू यादव के लिए यह योजना किसी वरदान से कम साबित नहीं हुई है।

ऊषा यादव का परिवार खेती-मजदूरी पर निर्भर है, जिससे कड़ी मेहनत के बाद भी घर का गुजारा बेहद तंगी में चलता था। वे बताती हैं कि जब से महतारी वंदन योजना की राशि मिलना शुरू हुआ है, तब से घर चलाने, सब्जी-भाजी खरीदने और राशन की व्यवस्था करने की रोज-रोज की चिंता पूरी तरह खत्म हो गई है। पहले इन छोटी-मोटी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरों से उधार मांगना पड़ता था, जिससे मानसिक तनाव रहता था। ऊषा यादव ने इस संबल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सहृदय धन्यवाद करते हुए कहा कि हर महीने मिलने वाले एक हजार रूपए मात्र एक वित्तीय सहायता नहीं हैं, बल्कि यह समाज में महिलाओं का सम्मान और उनकी आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

## महतारी वंदन योजना की 29वीं किस्त जारी, महिलाओं के खातों में पहुंचे 626 करोड़ रुपए



### महिलाओं को मिली आर्थिक संबल की नई सौगात

गौरतलब कि छत्तीसगढ़ की सुशासन सरकार ने प्रदेश की महिलाओं को आज महतारी वंदना योजना की 29वीं किस्त जारी की है। महिला एवं बाल विकास मंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से राज्य की 66 लाख 74 हजार से अधिक पात्र विवाहित महिलाओं के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत 626 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर की गई है। सरकार के इस कदम से जिला बलौदाबाजार-भाटापारा सहित पूरे प्रदेश की ग्रामीण और शहरी महिलाओं को बड़ी आर्थिक राहत मिली है। सुशासन और महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रतिबद्ध साय सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ कर उनके आत्मसम्मान को लगातार बढ़ावा दे रही है, जिससे उनके दैनिक जीवन के वित्तीय संकट दूर हो रहे हैं।

## बारिश में गंदगी और जलभराव से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका

# शहर के सब्जी बाजार में गंदगी से बदहाली स्वच्छता और अनुशासन से सुधेरगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार







जिला मुख्यालय स्थित सब्जी बाजार की बदहाल स्थिति और फैली गंदगी, अव्यवस्था को लेकर विधायक प्रतिनिधि योगेश अग्रवाल ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में बाजार परिसर में गंदगी और जलभराव के कारण हैजा, डायरिया, उल्टी-दस्त सहित अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, जिससे आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित सब्जी बाजार आज अव्यवस्था और अस्वच्छता की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। नियमित साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन और सुव्यवस्थित संचालन के अभाव में बाजार की स्थिति लगातार खराब हो रही है। ऐसे हालात में यहां प्रतिदिन खरीदारी के लिए आने वाले हजारों लोगों और उनके परिवार के स्वास्थ्य पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है।

▪ नियमित सफाई और जल निकासी की व्यवस्था की मांग

उन्होंने कहा कि बाजार की व्यवस्था को सुधारना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें सब्जी विक्रेताओं, चैंबर ऑफ कॉमर्स तथा आम नागरिकों की भी समान भागीदारी आवश्यक है। सभी पक्षों की सहमति और सहयोग से बाजार में अनुशासित एवं प्रभावी व्यवस्था लागू की जानी चाहिए, ताकि स्वच्छ वातावरण में फल, सब्जियां और खाद्यान्न उपलब्ध हो सकें।योगेश अग्रवाल ने प्रशासन से बाजार परिसर में नियमित सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था, कचरा निस्तारण, स्वच्छ पेयजल और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और व्यवस्थित बाजार न केवल नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा करेगा, बल्कि व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए बेहतर वातावरण भी उपलब्ध कराएगा।

### पेंशन एसोसिएशन की बैठक में धरना प्रदर्शन पर हुई चर्चा



**बलौदाबाजार**। पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई बलौदाबाजार की मासिक बैठक में संगठन के विस्तार, राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा-49 को विलोपित करने तथा केंद्र सरकार के अनुरूप महंगाई राहत प्रदान किए जाने सहित पेंशनरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में 20 जुलाई को मंत्रालय के समक्ष प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल होने तथा मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपने के कार्यक्रम में सहभागिता का निर्णय लिया गया।

बैठक में वरिष्ठ सदस्य जयनारायण केसरवानी ने भारतीय स्टेट बैंक की सीपीपी योजना के तहत पेंशनरों को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने योजना से संबंधित आवेदन पत्र वितरित करते हुए सदस्यों से उन्हें शीघ्र भरकर बैंक में जमा करने का आग्रह किया। साथ ही जिले के वार्षिक सम्मेलन के आयोजन पर भी सहमति बनी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय महामंत्री डीपी जैन थे। बैठक की अध्यक्षता एसपी पाण्डेय ने की। इस दौरान तहसील अध्यक्ष एस.डी. पड़वार, जिलाध्यक्ष एसएम पाध्ये तथा वरिष्ठ सदस्य जयनारायण केसरवानी ने भी अपने विचार रखे।

बैठक में नेहरू लाल यादव, राजेंद्र मिश्रा, पी.आर. धीवर, के.के. वर्मा, कांशीराम साहू, इतवारी राम ध्रुव, ए.के. ध्रुव तथा जी.पी. वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में तहसील अध्यक्ष एस.डी. पड़वार ने आभार व्यक्त किया।

## हायर सेकंडरी कठिया में शाला प्रवेशोत्सव, साइकिल और पाठ्यपुस्तकों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठिया नंबर 1 में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव, विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं साइकिलों का वितरण तथा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सेवाराम वर्मा ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय केवल ज्ञान अर्जित करने का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन एवं व्यक्तित्व निर्माण की सशक्त पाठशाला है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासित जीवन एवं अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए पूर्ण समर्पण के साथ शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच भुवनेश्वरी दाऊलाल पाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय परिवार की ओर से जी. पी. वर्मा, शाद तरन्नुम, अनिल कुमार सेन (व्याख्याता), यू. आर. वर्मा, सी. एस. नायक एवं एम. एल. धुव सहित समस्त शिक्षकगण ने विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएँ देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान पात्र विद्यार्थियों को शासन की योजना के अंतर्गत निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं साइकिलों का वितरण किया गया, जिससे विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में आयोजित न्योता भोज विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया।



### नवीन भवन में सरस्वती शिशु मंदिर का शुभारंभ

**हिरमी रावन**। ग्राम मोहरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के नवीन भवन का विधिवत पूजा-अर्चना विद्यालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि सरस्वती शिशु मंदिर अब तक गांव के सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा था। लंबे समय से विद्यालय के स्वयं के भवन में संचालन की प्रतीक्षा की जा रही थी। नवीन भवन तैयार होने के बाद आज शुभ मुहूर्त में पूजा-पाठ एवं हवन कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं को नवीन भवन में अध्ययन-अध्यापन कार्य प्रारंभ कराया गया। विद्यालय के नए भवन में बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होने से विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखा गया।विद्यालय प्रबंधन समिति एवं ग्रामवासियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए भवन में विद्यालय के संचालन से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्यगण, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### शाला परिसर में छात्र-शिक्षकों ने मिलकर किया पौधारोपण



**पलारी**। छत्तीसगढ़ शासन की सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा की अवधारणा को साकार करते हुए शनिवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गबौद के शाला परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में छग संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष विक्रम राय गुरुजी बच्चों के साथ मिलकर पौधे लगाए और उन्हें पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है जब तक हम अपने पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा नहीं रखेंगे, तब तक स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। एक बच्चा अगर एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो आने वाले समय में हमारा राज्य और देश हरा-भरा होगा। शिक्षकों का दायित्व है कि वे बच्चों को केवल पढ़ाएं ही नहीं, बल्कि संस्कार और प्रकृति से प्रेम भी सिखाएं। शिक्षिका पूनम दर्रो ने कहा कि बच्चों ने बहुत उत्साह के साथ पौधे लगाए। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें। इस दौरान बच्चों ने पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ के नारे भी लगाए।इस अवसर पर शाला के समस्त शिक्षकगण, शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## भाजपा निपनिया मंडल की समीक्षा बैठक



**करहीबाजार**। ग्राम धनेली में भाजपा निपनिया मंडल की समीक्षा बैठक संगठन, अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से की गई। बैठक में मंडल के सभी मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से परिचय सहभागिता की।

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण, डिजिटल सदस्यता अभियान, आगामी कार्यक्रमों तथा जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी मोर्चा के कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा संगठन के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक की मुख्य अतिथि भाटापारा विधानसभा के पूर्व विधायक छत्तीसगढ़ कोर कमेटी समिति के सदस्य शिवरतन शर्मा ने धनेली सरपंच सहित छः सदस्यों को पार्टी में प्रवेश कराया भाजपा के डबल इंजन की सरकार में अपनी जनकल्याण करी कार्य से प्रभवित होकर सदस्यता प्राप्त की। उक्त बैठक में मंडल के प्रभारी, महबल बघेल, मण्डल अध्यक्ष मथुरा यादव, उपध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा, महामंत्री राजेश पटेल, रोहित वर्मा, देवक साहू, चेतन वर्मा, अर्पण झा, तरुण साहू, टिकी वर्मा, सियाराम चक्रधारी, रितेश, लेखराम, विनोद, साधराम, अरुण निषाद, रेशम यदु, रोहित साहू, डागेश्वरी वर्मा, राम सिंह ध्रुव, मालिक राम, बृजेश, तेजराम यादव, मीडिया प्रभारी मुलशंकर पटेल सहित सभी कार्यकर्त्ता उपस्थिति रहे।

# संकुल स्तरीय समारोह में दो शिक्षकों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों तक निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ सेवाएं देने वाले दो कर्मयोगियों को शुक्रवार को संकुल केंद्र भवानीपुर में सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवानीपुर में आयोजित संकुल स्तरीय विदाई सह सम्मान समारोह में पूर्व माध्यमिक शाला खपरी (भ) के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक शुकलाल जायसवाल तथा शासकीय हाई स्कूल संहाडा के सेवानिवृत्त लिपिक गैंद लाल साहू का शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पहार से सम्मान कर उनके शिक्षा जगत में दिए गए योगदान को नमन किया गया। दोनों कर्मचारी 30 जून को सेवानिवृत्त हुए।

▪ सम्मान के साथ थमा शिक्षा सेवा का लंबा सफर

समारोह के मुख्य अतिथि शुकलाल जायसवाल एवं अति विशिष्ट अतिथि गैंद लाल साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य शिव कुमार साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में संकुल समन्वयक विष्णु कुमार फेकर तथा व्याख्याता पी.के. माहेश्वरी उपस्थित रहे। शुकलाल जायसवाल ने कहा कि शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण करना है। सेवा समाप्त हो सकती है, लेकिन शिक्षक का दायित्व और समाज के प्रति उसकी भूमिका कभी समाप्त नहीं होती। उन्होंने सभी सहकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कुमार साहू ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक पड़ाव है, विराम नहीं। वर्षों की ईमानदार सेवा और कार्य संस्कृति ही किसी कर्मचारी की सबसे बड़ी पहचान होती है। उन्होंने कहा कि दोनों सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने कार्यकाल में कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की जो मिसाल कायम की है, वह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगी। कार्यक्रम में नरेन्द्र चंद्राकर, विजय चंद्राकर, दीपक शर्मा, दुर्गा धरुवा, जोशी बाग, प्रीतम सिंह ध्रुव, शारदा बरतामसी, तोरण कुमार, लेखनी वर्मा सहित संकुल के प्रधान पाठक, व्याख्याता, शिक्षक एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी बने विकास ठाकुर



**खरोरा।** भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ की नई प्रदेश कार्यकारिणी में रायपुर ग्रामीण जिले के खरोरा निवासी विकास ठाकुर को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। विकास ठाकुर लंबे समय से संगठनात्मक, सामाजिक और जनहित के कार्यों में सक्रिय रहे हैं। नियुक्ति पर उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन मंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे।

### अलका ने एमबीए की परीक्षा में हासिल किया 92 प्रतिशत अंक



**खरोरा।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी सूरज सोनी की बेटी अलका ने अमेटी विश्वविद्याल से एम बी ए में 92 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रवीण्य सूची में अपना नाम दर्ज कराया। बता दें कि इसके पूर्व में राज्यपाल रमेन डेका द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। अलका ने अमेठी विवि में लगभग हमेशा प्रवीण्य सूची में उत्कृष्ट परिणाम लाकर अपने विश्विद्यालय का नाम रौशन किया है।

### ऋषि बने पलारी ब्लॉक कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री



**पलारी।** कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पलारी निवासी पूर्व छात्र नेता ऋषि साहू को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी का प्रभारी महामंत्री नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कसडोल विधायक संदीप साहू की सहमति, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे के अनुमोदन तथा ब्लॉक अध्यक्ष रवि बंजारे के आदेश पर तत्काल प्रभाव से की गई। रवि बंजारे ने कहा कि ऋषि की नियुक्ति से संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। छात्र राजनीति से सक्रिय रहे ऋषि साहू एनएसयूआई और युवा कांग्रेस में विभिन्न जिम्मेदारियां निभा चुके हैं तथा चुनावों में पार्टी के लिए सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। नियुक्ति पर उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

### मरार पटेल समाज की बैठक आज

**नर्रा।** मरार पटेल समाज जिला महासमुंद की कार्यकारिणी बैठक 12 जुलाई रविवार दोपहर 12 बजे से समाजिक भवन मे आयोजित किया गया है। बैठक में आय-व्यय की जानकारी तथा जिलाध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों के निर्वाचन संबधित चर्चा के अलावा समाजिक विकास पर चर्चा परिचर्चा की जाएगी। जिलाध्यक्ष पवन पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन राजेंद्र नायक इस बैठक शामिल होंगे।

## निधन

### मुनिया बाई साहू



**पलारी।** ग्राम घिरघोल निवासी मुनिया बाई साहू 65 वर्ष का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं साहू समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। वे जिला साहू संघ बलौदाबाजार के न्याय प्रकोष्ठ मोहन साहू के पत्नी, साजन, मनहरण, गौत राम साहू के भाभी, खिलावन, विजय, नारायण के माँ, पिंटू साहू की बड़ी मां थीं ।

# 8.04 लाख रुपए से फ़िल्टर प्लांट का होगा मरम्मत और उन्नयन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा**

## मरम्मत कार्य का भूमिपूजन, नगरवासियों को मिलेगा स्वच्छ, सुरक्षित और निर्बाध



नगर के फ़िल्टर प्लांट परिसर में लगभग 8.04 लाख की लागत से होने वाले मरम्मत एवं उन्नयन कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने पूजा-अर्चना के साथ किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक परिवार तक गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ पहुँचाना ही वास्तविक विकास है।

उन्होंने कहा, स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। फ़िल्टर प्लांट के मरम्मत कार्य से जलापूर्ति व्यवस्था अधिक सुदृढ़, व्यवस्थित और प्रभावी बनेगी। हमारा लक्ष्य है कि नगर के प्रत्येक घर तक बिना किसी बाधा के गुणवत्तापूर्ण पेयजल पहुँचे। नगर पालिका परिषद प्रत्येक विकास कार्य को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। जनहित हमारे हर निर्णय का केंद्र है और भाटापारा के सर्वांगीण विकास का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### सड़क, नाली और स्वच्छता पर नगर पालिका का फोकस

उन्होंने आगे कहा कि नगर पालिका परिषद पेयजल व्यवस्था के साथ-साथ सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास पर भी निरंतर कार्य कर रही है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना परिषद की प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से विकास कार्यों को चरणबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है।

## कलेक्टर ने जिला अस्पताल एवं फिजियोथेरेपी सेंटर का किया निरीक्षण

# जिला अस्पताल में ओपीडी के साथ लैब टेस्ट संख्या में हुई बढ़ोतरी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लेने कलेक्टर कुलदीप शर्मा शनिवार को बलौदाबाजार स्थित जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के ओपीडी, आईपीडी, इंटिग्रेटेड पब्लिक लैब, मातृ एवं शिशु अस्पताल, एनआरसी, फिजियोथेरेपी एवं पंचकर्म केन्द्र का निरीक्षण कर जानकारी ली।

कलेक्टर ने जिला अस्पताल में एमआरआई मशीन के सम्बंध में जानकारी लेते हुए शीघ्र स्थापित करने सिविल एवं तकनीकी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल में ओपीडी एवं लैब में टेस्ट संख्या में वृद्धि होने पर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर रखने कहा।

इसके साथ ही लैब में जांच रिपोर्ट मरीज के मोबाइल में व्हाट्सएप्प के माध्यम से प्राप्त होने की सुविधा देने कहा। उन्होंने अस्पताल के विजिटिंग एरिया में विजिटिंग चेयर की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिये। अस्पताल निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीजों एवं ओपीडी मरीजों से बात कर हाल -चाल जाना और अस्पताल में निःशुल्क ईलाज की जानकारी दी। उन्होंने प्रसूति वार्ड में भर्ती प्रसूताओं के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उन्हें बेबी किट प्रदान किया।

इस दौरान सीएमएचओ डॉ राजेश अवस्थी, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।





### एनआरसी में कुपोषित बच्चों का हाल जाना

कलेक्टर ने एनआरसी में भर्ती 5 कुपोषित बच्चों एवं उनके अभिभावक से केन्द्र में मिल रही सुविधाओं तथा बच्चे की स्वास्थ्य और वजन की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के माताओ से कहा कि जिस तरह से यहां बच्चों को समय पर भोजन दिया जा रहा हैं उसी तरह घर में भी देने का प्रयास करें। इस दौरान उन्होंने बच्चों का वजन कराया और भर्ती होने के दिन से अब तक वजन वृद्धि की जानकारी ली। उन्होंने रसोई में रखें सामानो, पानी,बर्तन आदि का भी जायजा लिया और साफ़ सुथरा रखने कहा।

### संसाधन बढ़ाने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने फिजियोथेरेपी केंद्र का निरीक्षण कर प्रतिदिन एवं माह में आने वाले मरीजों की जानकारी ली। बताया गया कि केन्द्र में एक पुरुष व एक महिला फिजियो हैं।यहां प्रतिदिन लगभग 45 एवं माह में 980 मरीज आते हैं। विभिन्न अभ्यास उपकरणों के साथ 5 बेड भी हैं। उन्होंने फिजियोथेरेपी केन्द्र के प्रथम तल में संचलित पंचकर्म केन्द्र का भी निरीक्षण किया।उन्होंने केंद्र में सांसधन, दवाई बढ़ाने एवं सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिये।

## जिले में 13 से 18 जुलाई तक एचपीवी विशेष टीकाकरण सप्ताह

**बलौदाबाजार।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिले में 13 से 18 जुलाई तक ह्यूमन पैपिलोमा वायरस विशेष टीकाकरण सप्ताह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 14 से 15 अर्थात जिन्होंने अपना 14 वां जन्मदिन मना लिया है और 15 वां बचा है, उन पात्र बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अभियान की सफलता एवं पूर्ण टीकाकरण हेतु इस विशेष टीकाकरण सप्ताह के दौरान शिक्षा और महिला बाल विकास विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिये हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि, एचपीवी एक वायरस है, जिसके कुछ प्रकार आगे चलकर सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर का कारण बन सकते हैं। एचपीवी टीका इस गंभीर बीमारी से बचाव का प्रभावी और सुरक्षित माध्यम है। इसके अलावा यह टीका एचपीवी संक्रमण से होने वाली अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को भी कम करता है। उन्होंने बताया कि पहले एचपीवी टीकाकरण जिला अस्पताल और सीएचसी पर उपलब्ध था, लेकिन अब जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी एचपीवी टीका उपलब्ध कराया गया है। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की पात्र बालिकाओं को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ही टीकाकरण की सुविधा मिल सकेगी। किसी निजी संस्था में यह टीका लगवाने पर काफी धन खर्च होता है जबकि शासन द्वारा निःशुल्क किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के सभी अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करें तथा पात्र बालिकाओं का समय पर एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं। यह टीका भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में अभिभावकों के लिए परिचय और मार्गदर्शन कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकंडरी स्कूल, बलौदाबाजार में केजी-2 के विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए परिचय एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास, उत्तम संस्कार तथा सकारात्मक पारिवारिक वातावरण के महत्व से अवगत कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर शैरिन ने अभिभावकों के स्वागत के साथ किया। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों में बढ़ते मोबाइल उपयोग और उसके दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि परिवार के सदस्य स्वयं मोबाइल का संतुलित और सीमित उपयोग करेंगे तो बच्चे भी अच्छी आदतें अपनाएंगे। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रखने के व्यावहारिक उपाय भी बताए।

इस अवसर पर एक प्रेरक वीडियो और नैतिक कहानी के माध्यम से परिवार में प्रेम, विश्वास, सहयोग, सम्मान और संस्कारों के महत्व को रेखांकित किया गया। संदेश दिया गया कि परिवार की वास्तविक समृद्धि धन से नहीं, बल्कि आपसी स्नेह, अच्छे संस्कार और पारिवारिक मूल्यों से होती है।

कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वे प्राचार्या द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को अपने परिवार में अपनाने का प्रयास करेंगे तथा बच्चों को अनुशासित, संस्कारवान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए सदैव सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित केजी-2 के सभी अभिभावक उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

### मां और बेटे के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम पुटका में मां और बेटे के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को कोमल प्रधान पिता रेशमलाल प्रधान (45 साल) ने बताया कि 11 जून को करीब 10:30 बजे वह अपने खेत में मां शांति प्रधान के साथ बुआई का काम कर रहा था, उसके बड़े भाई निर्मल प्रधान वहां आकर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने आई उसकी मां शांति प्रधान के साथ भी डंडे से मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

# पूर्व माध्यमिक शाला छुईहा में बाल कैबिनेट का गठन, विद्यार्थियों को मिली नई जिम्मेदारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़**



विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से पूर्व माध्यमिक शाला छुईहा में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए बाल कैबिनेट का गठन किया गया।

गठन प्रक्रिया के अंतर्गत विद्यालय में अंजली टण्डन को प्रधान मंत्री, सुरज को उप प्रधान मंत्री, प्रियांशु को शिक्षा मंत्री, भूमि को उप शिक्षा मंत्री, करन को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री, गीतेश्वरी को उप स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री, अनन्या को जल एवं कृषि मंत्री, लव को उप जल एवं कृषि मंत्री, समर को पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री, बबली को उप पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री, मयंक को सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री तथा उर्वसी को उप सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री नियुक्त किया गया।

इसी प्रकार जिज्ञासा को कक्षा नायक कक्षा 6वीं, तन्मय को उप कक्षा नायक, बबली को कक्षा नायक कक्षा 7वीं, चंद्रमोहन को उप कक्षा नायक, खेमन्त को कक्षा नायक कक्षा 8वीं, अनन्या को उप कक्षा नायक, सूरज को सचिव अफलातून बैंक तथा अंजली को सह सचिव का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार टण्डन एवं शिक्षक त्रिलोक कुमार हरिप्रिय ने सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई तथा उन्हें विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता, नियमित उपस्थिति एवं शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया।

### मेरिट सूची में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन





**बिलाईगढ़।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा बी.एससी. सत्र-2025 परीक्षा की जारी मेरिट सूची में शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय, बिलाईगढ़ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। मेरिट सूची में गणित संकाय के छात्र लेविश भान ने छठा स्थान तथा जीवविज्ञान संकाय की छात्रा दीक्षा देवांगन ने दसवां स्थान प्राप्त किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमाकांत मित्र, विज्ञान प्रभारी उमाशंकर भारद्वाज, सुनीता विक्रम कोसले, सहायक प्राध्यापक अन्नू केवरा सहित महाविद्यालय परिवार ने दोनों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बधाई दी।

# कबीर जयंती पर दो दिवसीय प्रतिभा सम्मान और अभिनंदन समारोह 18-19 जुलाई को

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा**

- दो दिवसीय कार्यक्रम में चौका आरती
- डॉ. चरणदास महंत होंगे मुख्य अतिथि

मानिकपुरी पनिका समाज नगर विकास समिति, भाटापारा के तत्वावधान में कबीर जयंती पर 18 एवं 19 जुलाई को दो दिवसीय प्रतिभा सम्मान एवं सामाजिक विभूतियों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम मंगल भवन, सरस्वती शिशु मंदिर, मंडी रोड, भाटापारा में संपन्न होगा।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस 18 जुलाई को कबीर साहेब की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ होगा। इसके पश्चात वर्ष 2025-26 की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों का भी सम्मान होगा। प्रातः 10 बजे भव्य चौका आरती (सात्विक यज्ञ) का आयोजन किया जाएगा तथा दोपहर बाद सम्मान समारोह और रात्रि में सामाजिक संगोष्ठी आयोजित होगी। द्वितीय दिवस 19 जुलाई को मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में समाज के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभूतियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन की प्रस्तुति भी होगी।

समिति के पदाधिकारियों ने समाज के सभी सदस्यों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। आयोजन में बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए भोजन एवं आवास की व्यवस्था भी की गई है। प्रथम दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं अध्यक्ष व विशेष अतिथियों द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत कबीर साहेब की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा।

द्वितीय दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ चरण दास महंत नेता प्रतिपक्ष विधान सभा छत्तीसगढ़, भाटापारा विधायक इंद्र साव एवं अन्य अतिथि शामिल होंगे।

## हाईकोर्ट के आदेश पर शासन से शीघ्र निर्णय की मांग

# पेंशनरों ने बैठक में अनेक विषयों पर की चर्चा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा**



पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक सुभाषबाजार स्थित पेंशनर भवन में आयोजित की गई, जिसमें रघुनाथ प्रसाद पटेल की अध्यक्षता में अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के माध्यम से जानकारी दी गई। सचिव रमेश कुमार वर्मा ने आय-व्यय के साथ आज दिनांक तक पंजीकृत पेंशनर सदस्यों की संख्या के बारे में बताया। अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने बताया कि उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ ने पेंशनरों के छठवें वेतनमान में 32 माह के एरियर्स एवं सातवें वेतनमान में 27 माह के लंबित एरियर्स को बिना किसी अड़चन के सम्बन्धित पात्र पेंशनरों को 120 दिनों के भीतर प्रदान किये जाने छत्तीसगढ़ शासन को निर्देशित किया गया है। इस संबंध में पेंशनर संघ जिसमें छत्तीसगढ़ पेंशनर धारी कल्याण संघ प्रमुख है छत्तीसगढ़ शासन को ज्ञापन देना प्रारंभ कर दिया है, ताकि शासन उस पर त्वरित निर्णय लेकर पेंशनरों के हित में आदेश जारी करें।

वरिष्ठ पेंशनर सेवाराम वर्मा ने पेंशनरों को बताया कि अपने बचत बैंक खाते को पेंशनर खाता (कंप्रिहेंसिव पेंशन पैकेज) में परिवर्तित करवाये, ताकि पेंशनरों को बीमा के साथ अन्य महत्वपूर्ण लाभ मिल सके। अशोक कुमार कसेर एवं आयुर्वेदिक चिकित्सक आर.सम्बशीव ने पेंशनरों के हितार्थ कुछ स्वास्थ्यगत दवाइयां के सेवन एवं योगासन प्राणायाम करते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के बीच में जून माह में सेवानिवृत्ति एवं सदस्य ग्रहण करने वाले पेंशनरों रमेश कुमारवर्मा, अजय तिवारी एवं शत्रुघ्नलाल ध्रुव का श्रीफल एवं साल से भेंट कर सम्मान किया गया। बैठक में मोहनलाल वर्मा ने गीत, आसाराम अनंत ने कविता एवं रमेश कुमार वर्मा (सचिव), कमलनारायण यदु, डॉ.आर.के वर्मा, नरेंद्र वर्मा, अजय तिवारी, शत्रुघ्न ध्रुव, रमेश वर्मा ने विचारों के रूप में अपने भाव प्रकट किये।

### डॉ. तीजन बाई को दी श्रद्धांजलि

अंत में संचालन कर रहे संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल द्वारा पद्म विभूषण से सम्मानित छत्तीसगढ़ की अनमोल रतन बेटी स्वर्गीय डॉक्टर तीजन बाई के निधन पर उनके व्यक्तित्व एवं कलासाधना पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित समस्त पेंशनरों द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सर्वश्री दिलीप सिंह बिसेन, संतराम साव, अशोक पंत, परेटन लाल साहू, सुरेशकुमार बाजपेयी, के.के.वर्मा, हेमलाल वर्मा, मदनगोपाल महिलांगे, बाबूलाल निषाद, भगवती ध्रुव, अनिल बेन्जामिन, जयलाल कश्यप, शांतिबाई गोस्वामी, संतोष केसरवानी सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे।

